मानवीय मूल्यों में गिरावट सामाजिक विकृतियों का प्रमुख कारण - बी. के. डॉ रीना

स्वर्णिम भारत की स्थापना में न्यायविदों के योगदान विषय पर सम्मेलन संपन्न

ब्रह्माकुमारीज बरेली एवं न्याय विद प्रभाग का आयोजन

बरेली जिला रायसेन (म.प्र)

20.02.2022

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की बरेली शाखा एवं राजयोग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के न्यायविभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज स्वर्णिम भारत के निर्माण न्यायविदो का योगदान विषय पर सम्मेलन संपन्न हुआ।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोपाल से पधारी हुई ब्रम्हाकुमारी डॉक्टर रीना बहन जी ने कहा कि आज समाज में मानवीय मूल्यों की कमी हो गई है जिसके कारण मनुष्य के अंदर विकारों की अधिकता हो गई जिसके कारण समाज में अपराध की मात्रा बढ़ती जा रही है ।

परमात्मा ने कुछ नियम एवं मर्यादाएं मनुष्य के लिए बताई हुई हैं, यदि मनुष्य उन पर चलता है तो फिर उसे दुनिया के कानून की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। सतयुगी दुनिया में चारों तरफ शांति एवं खुशी थी। प्रकृति भी सतोप्रधान थी । शेर और गाय एक घाट पर पानी पीते थे, परंतु आज हालात ऐसे हो गए हैं की भाई-भाई भी साथ नहीं रह पा रहे हैं । इंसान तो वैसा ही है लेकिन उसकी सोच उसके माननीय मूल्य बदल गए हैं । उसमें गिरावट आ गई है । उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ कर्म जीवन में हमारे साथ जाते हैं ।

जीवन मे चार बातें धारण करनी है।

1. सकारात्मकता 2. सशक्त 3. संतोष 4. सुखी रहना एवं सुखी करना।

सम्मेलन में भोपाल से पधारे बी के रावेंद्र भाई जी ने कहा कि व्यक्ति को कानून अपने मन मे भी लागू करना चाहिए। मन में व्यर्थ एवं नेगेटिव न सोचें । सतयुग में क्राइम नही थे । सतयुग में दैवीय चरित्र थे। आज जितने कानून बने उतने ही जुर्म बढ़ रहे हैं। जिसका कारण है चरित्र का पतन।

आज की शिक्षा व्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा नैतिक शिक्षा में जोर देने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोगी बी के शिवराम भाई जी ने सभी का स्वागत किया एवं विद्यालय का परिचय दिया।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर जी ने कार्यक्रम हेतु अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर अग्रवाल जी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पहले न्याय प्रणाली धर्म के हाथ मे थी वे गलत करने पर शासक को भी दंडित कर सकते थे। परंतु आज न्याय प्रणाली धर्म के अधीन नही है। विकार अपराध को जन्म देते हैं उनसे बचने के लिए धर्म की शरण लेनी पड़ती है।

भोपाल दुग्ध संघ के अध्यक्ष गिरीश पालीवाल (बंटी भैया) ने कहा कि वकील एवं खिलाड़ी हमेशा जीतने के लिए कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में बरेली के गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे ब्रह्माकुमारीज़ बरेली सेवाकेंद्र प्रभारी बी के जयंती दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन बी के जागृति बहन ने किया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का डीप प्रज्ज्वलन कर उद्घघाटन किया गया। कुमारी संजना ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

B. K. jayanti Behen

Centre incharge, Bareli , Dist- Raisen (M.P.)

9399950259